**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**

**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) JUNE, 2026**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(Second Language)**

**Time: 3 Hours 15 Minutes** — **Full Marks: 90**

**समय – 3 घंटे 15 मिनट** — **पूर्ण अंक – 90**

## (General Instructions for the Examinees)

**(परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश)**

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका में अपना नाम, रोल नंबर और पंजीकरण संख्या लिखनी चाहिए।

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper.

पहले 15 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए आवंटित किए गए हैं।

Answers should be in brief and to the point.

उत्तर संक्षिप्त और सटीक होना चाहिए।

Write correct question no. against each answer.

प्रत्येक उत्तर के सामने सही प्रश्न संख्या लिखें।

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

संक्षिप्त और सटीक उत्तरों के लिए विशेष अंक दिए जाएंगे।

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.

वर्तनी की गलतियों, अव्यवस्थित लिखावट और खराब हस्तलेख के लिए अंक काटे जाएंगे।

In the right side the marks of questions are given.

दाईं ओर प्रश्न के अंक दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए (कोई 16): 1×16=16

(i) इसमें से कौन-सी रचना सूरदास की नहीं है?

(a) सूरसागर
(b) सूरसारावली
(c) साहित्य लहरी
(d) गीतावली

(ii) जहर का प्याला किसने भेजा था?

(a) मानसिंह ने
(b) राणाजी ने
(c) रतन सिंह ने
(d) कुँवर सिंह ने

(iii) लोगों का विष-बैर कौन पी जाता हैं?

(a) वसुधा
(b) अमलतास
(c) ईश्वर
(d) माता

(iv) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा'—गीत प्रसाद द्वारा रचित किस रचना का अंश है?

(a) स्कन्दगुप्त
(b) चन्द्रगुप्त
(c) कामायनी
(d) अजातशत्रु

(v) नागार्जुन को साहित्य अकादमी पुरस्कार उनके किस भाषा की कविता के लिए प्रदान किया गया?

(a) हिन्दी
(b) मैथिली
(c) संस्कृत
(d) बांग्ला

(vi) मेघ का पैर धोने के लिए कौन परात भर लाया?

(a) पेड़
(b) ताल
(c) पीपल
(d) नदी

(vii) काकी को जूठन खाते देख रूपा को क्या अहसास हुआ?

(a) खुशी हुई
(b) क्रोध आया
(c) पश्चाताप हुआ
(d) रोना आया

(viii) माँ जेन को क्या कहकर पुकारती थी?

(a) चेकलिंग
(b) चेचलिंग
(c) चिंगलीन
(d) चेंजलिंग

(ix) रूपा का व्यवहार काकी के प्रति कैसा था?

(a) कठोर और अन्यायपूर्ण
(b) काफी उदार
(c) ईष्या-जलन से परिपूर्ण
(d) स्नेहपूर्ण

(x) बच्चे का नामकरण किसने किया?

(a) चर्च के पादरी ने
(b) उसकी माँ ने
(c) पड़ोसियों ने
(d) लुहार की स्त्री ने

(xi) टाइगर हिल से लोग हिमालय के किस शिखर का दर्शन करते हैं?

(a) एवरेस्ट
(b) नंदा देवी
(c) के-2
(d) कंचनजंघा

(xii) शेक्सपीयर के किस रचना का गुरुदेव ने बंगला में अनुवाद किया?

(a) हैमलेट
(b) मैकबेथ
(c) मेघनाथ
(d) आर्मस एण्ड द मैन

(xiii) 'भारत-कोकिला' का विरूद किसे प्रदान किया गया?

(a) मदर टेरेसा
(b) लक्ष्मीबाई
(c) सरोजनी नायडू
(d) सानिया मिर्जा

(xiv) गौरी के लिए झूला कहाँ लगा था?

(a) बाग में
(b) लॉन में
(c) मैदान में
(d) बरामदे में

(xv) 'सुषमा नगरी दार्जिलिंग' किस विधा में लिखी गई है?

(a) कहानी
(b) कविता
(c) यात्रा-वृत्तान्त
(d) रेखाचित्र

(xvi) हरिभाऊ उपाध्याय जी का जन्म कब हुआ?

(a) सन् 1992 ई०
(b) सन् 1892 ई०
(c) सन् 1894 ई०
(d) सन् 1905 ई०

(xvii) किनसे मिलने के बाद नायडू की विचारधारा बदल गई?

(a) महात्मा गांधी
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) नेताजी सुभाषचंद्र बोस
(d) मौलाना आजाद

(xviii) 'बहु की विदा' किस प्रकार की एकांकी है?

(a) सामाजिक
(b) धार्मिक
(c) काल्पनिक
(d) ऐतिहासिक

(xix) बुद्धिराम के घर में कैसा उत्सव था?

(a) रूपा की सालगिरह थी
(b) मुखराम का तिलक था
(c) बुद्धिराम का जन्मदिन था
(d) मुखराम का विवाह था

(xx) मीराबाई की रचनाएँ हैं—

(a) सात
(b) चार
(c) पाँच
(d) छः

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *आठ* के उत्तर अनधिक 20 शब्दों में लिखिए : 2×8=16

(i) मनुष्य के मन को मृग के समान क्यों कहा गया है?

(ii) कौन, किसे कुलनासी कहता है?

(iii) जयशंकर प्रसाद किस काल के कवि हैं तथा उन्होंने कौन-सा महाकाव्य लिखा?

(iv) बच्चे की मुस्कान और बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अन्तर है?

(v) 'बरस बाद सुधि लीन्हीं'—किसने कहा और क्यों कहा?

(vi) मुंशी प्रेमचंद का असली नाम क्या था? उनकी कौन-सी रचना अंग्रेजी सरकार द्वारा जब्त की गई थी?

(vii) माँ जेन को कहाँ नहीं ले जाती थी? और क्यों?

(viii) दार्जिलिंग का सौन्दर्य देखकर लेखक के भीतर कौन लोग फूट निकले?

(ix) गुरुदेव द्वारा रचित दो प्रमुख रचनाओं का नाम लिखिए।

(x) कमला प्रमोद से अपनी सास के विषय में क्या कहती है?

**3.** दिए गए प्रत्येक खण्ड से किसी *एक* के उत्तर दीजिए : 5×2+4×2=18

**खण्ड-क**

(i) तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
- छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जल जात

(a) उक्त पंक्ति के शीर्षक और रचनाकार का नाम लिखिए।

(b) उक्त पद्यांश की व्याख्या कीजिए। 2+3=5

(ii) 'सूर वात्सल्य रस के कवि हैं'—इस कथन की पुष्टि पठित पाठ के आधार पर कीजिए। 5

**खण्ड–ख**

(i) 'मगर अफसोस उसकी इस चाहत ने उस बदनसीब की जान ही ले ली।'

(a) उक्त अंश किस पाठ से लिया गया है?

(b) वह बदनसीब कौन था?

(c) उक्त अंश का आशय स्पष्ट कीजिए। 1+1+3=5

(ii) पठित पाठ के आधार पर बूढ़ी काकी का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

**खण्ड–ग**

(i) ''रूपया रूपये को खींचता है, किन्तु उससे कई गुने आकर्षण से आदमी–आदमी को खींचता है।''

(a) उक्त अंश किस पाठ से लिया गया है?

(b) रूपये से भी अधिक कौन किसको खींचता है?

(c) ससन्दर्भ पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1+1+2=4

(ii) पठित पाठ के आधार पर गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए। 4

**खण्ड–घ**

(i) 'मैं तो समझाते-समझाते हार गयी।'

(a) उक्त अंश के लेखक का नाम लिखिए।

(b) वक्ता और श्रोता का नाम लिखिए।

(c) पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1+1+2=4

(ii) पठित एकांकी के आधार पर जीवनलाल के चरित्र पर प्रकाश डालिए। 4

**4.** निर्देशानुसार किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(i) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5

Uncle Prakash, my mother's elder brother, is a man of peculiar temperment. He is aged about 50 and is an employee in a private firm in Kolkata. He lives at Konnagar and catches the 8.55 local train from the Konnagar station to go to his office. He often misplaces his things and whenever he cannot find them, he always blames others for it. He never blames himself for losing his things. Thus, he causes a lot of trouble to the members of his family.

(ii) कोलकाता में होने वाले पुस्तक-मेला पर एक प्रतिवेदन लिखिए। 5

(iii) इंटरनेट के अत्यधिक प्रयोग से पड़ने वाले दुष्प्रभाव से सचेत करते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए। 5

*अथवा,*

मुहल्ले की गंदगी का उल्लेख करते हुए नगरपालिका के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए।

(iv) भाव पल्लवन कीजिए— 5

'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।'

(v) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

भारतीय मूल की कल्पना का जन्म 1 जुलाई, 1961 को करनाल हरियाणा में हुआ। कल्पना ने अपनी स्कूली शिक्षा करनाल में ही प्राप्त की। इसके पश्चात् दयाल सिंह कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से शिक्षा प्राप्त की। इतना ही नहीं चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से एयरानॉटिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर सन् 1982 में वे अमेरिका चली गई। वहाँ उन्होंने टेक्सॉस विश्वविद्यालय से 'अंतरिक्ष हवाई उड़ान अभियांत्रिकी' विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। अमेरिका में अपने हवाई उड़ान प्रशिक्षक जे. पी. हैरिसन से शादी की तथा 1988 में कल्पना ने कोलेरीडो विश्वविद्यालय से पी. एच. डी की उपाधि भी हासिल कर ली। अपने विषय में उन्होंने भार हीनता के लिए अलग-अलग अनुभवों को भी ध्यान में रखा। इसी के चलते नासा के आवेदन पत्र का आसानी से चयन कर लिया गया। 1994 तक अन्य सदस्यों का चयन भी हो गया था। कल्पना को इस STS-82 मिशन में भार रहित अवस्था में होने वाले परिणामों का विश्लेषण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई जिसे कल्पना ने पूर्ण रूप से निभाया।

(a) कल्पना चावला का जन्म कहाँ हुआ था?

(b) चंडीगढ़ के पंजाब से उन्होंने किस चीज की डिग्री हासिल की?

(c) चावला ने किससे शादी की थी?

(d) कल्पना ने कहाँ से पी. एच. डी की उपाधि हासिल की?

(e) कल्पना ने किस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया? 1+1+1+1+1=5

**5.** निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2×5=10

(a) वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्णय कीजिए—

महत्व, मँहगाई

(b) करण कारक और अपादान कारक में कोई दो अन्तर बताइए।

(c) संधि विच्छेद कीजिए—

सदैव, दुरात्मा

(d) समास विग्रह कर उसके नाम लिखिए—

महात्मा, दाल-रोटी

(e) उपसर्ग पृथक कीजिए—

हमउम्र, गैरकानूनी

*अथवा,*

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताइए :

खून खौलना, रंग जमाना

**6.** किसी *एक* विषय पर निबंध लिखिए (अनधिक 300 शब्दों में) : 10

बालश्रम, समय का सदुपयोग, प्रिय साहित्यकार, मोबाइल का प्रयोग उचित या अनुचित